प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हरियाणा के फरीदाबाद में आज होने वाली उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, क्षेत्रीय विकास, कानून व्यवस्था और अंतर्राज्यीय सहयोग जैसे मुददों पर चर्चा की जाएगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी

बैठक में हिमाचल प्रदेश इस बार पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा विवाद, नशा तस्करी पर संयुक्त रणनीति और बीबीएमबी में स्थायी सदस्यता जैसे लंबित मामलों को उठाया जाएगा। पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश लगातार अपने हितों से जुड़े मुद्दे परिषद के समक्ष उठाता रहा है। इस बार भी बैठक में जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के साथ सीमा विवाद, परवाणू क्षेत्र में हरियाणा के साथ लंबित सीमा निर्धारण, भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) में राज्य की स्थायी सदस्यता और देनदारी के मामलों को प्रमुखता से उठाएगा। नशा तस्करी को लेकर प्रदेश बार–बार चिंता जता चुका है, लेकिन पड़ोसी राज्यों की ओर से ठोस कार्रवाई न होने पर अब हिमाचल आक्रामक नीति की ओर बढ़ रहा है। बैठक में संयुक्त कार्ययोजना बनाने का आग्रह किया जाए। दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री कांग्रेस आलाकमान से भी मुलाकात करेंगे।

चिंतपूर्णी महोत्सव

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को गौरव के साथ संजोकर रखना सभी का दायित्व है। ऊना जिला के अंब में आयोजित तीन दिवसीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उन्होंने ये बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव समाज को अपनी संस्कृति से जोड़कर रखते हैं और संस्कृति से जुड़ा समाज ही वास्तविक अर्थ में प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता है।

हिम महोत्सव

प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, हस्तशिल्प, हैंडलूम, पाक कला और लोक परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आयोजित 15 दिवसीय हिम महोत्सव कल दिल्ली हाट में शुरू हुआ। प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और कलात्मक विरासत को करीब से जानने का अवसर प्रदान करने वाला यह उत्सव 30 नवंबर तक चलेगा।

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने इस महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश अपनी अनूठी सांस्कृतिक विविधता, समृद्ध शिल्पकला, उत्कृष्ट हैंडलूम उत्पादों, विशिष्ट क्राफ्ट्समैनशिप और पारंपरिक व्यंजनों के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती से स्थापित करने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है।

प्रशिक्षण कार्यशाला

भाषा व संस्कृति विभाग द्वारा राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय शिमला के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर भारत की प्राचीन लिपि शारदा पर गेयटी थियेटर में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आज अंतिम दिन है। हमारे शिमला जिला संवाददाता ने बताया कि इस कार्यशाला में 150 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ले रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में आज भी दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि साफ मौसम के बावजूद शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में इस महीने अब तक सामान्य से 86 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। बारिश न होने से किसान परेशान हो रहे हैं और सरसों, मटर व जौ फसलों की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने पूरे प्रदेश में 21 नवंबर तक मौसम के आमतौर पर साफ और शुष्क बने रहने की संभावना जताई है।